## ।। निविदा सूचना ।।

TENDER No. : 01

DATE : 24.01.2019

जिला सागर स्थित सागर झील में क्रूज संचालन एवं साहसिक खेल गतिविधियों हेतु तीन वर्षो की अवधि के लिए लाइसेंस पर दिये जाने हेतु कार्यालय कलेक्ट्रोरेट सागर द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है । इस हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 13/02/2019 तक निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय नगर दण्डाधिकारी सागर में दोहपर 3.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी । प्राप्त निविदाएं प्राप्ति तिथि को 4.00 बजे गठित समिति एवं उपस्थित निविदाकरों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा का प्रारूप एवं समस्त जानकारी कार्यालय नगर दण्डाधिकारी सागर में (अवकाश दिवस छोडकर) देखा जा सकता है, तथा निर्धारित शुल्क रू. 1,000.00 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है और जिले की बेवसाईट **www.sagar.nic.in** पर भी देखा जा सकता है । निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु **दूरभाष नंबर 07582-224578** पर संपर्क कर सकते है।
**(कलेक्टर एवं अध्यक्ष डी.टी.पी.सी. द्वारा आदेशित)**

**विवरण**

सागर झील का विस्तृत विवरण अनुसूची-1 में दिया गया है ।

**निविदा की वैद्यता**

निविदा की वैद्यता निविदा खोलने की तारीख से 30 दिन रहेगी ।

**निविदा की समय सारणी -**

| | |
|---|---|
| निविदा जारी करने की तिथि | : 24 /01/2019 |
| निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि व समय | : 13 /02/2019 अपरान्ह 3.00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | : 13 /02/2019 अपरान्ह 4.00 बजे |
| | "कार्यालय नगर दण्डाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर सागर" |

**अर्नेस्ट मनी डिपोजिट**

सागर झील में क्रूज संचालन के लिये ई.एम.डी. की राशि रूपये 50,000.00(पचास हजार) का डिमांड ड्राफ्ट अध्यक्ष, सागर टूरिज्म प्रमोशन कॉउसिल, सागर के नाम तैयार किया जावेगा । ई.एम.डी. को तकनीकी निविदा के लिफाफे में रखा जावेगा ।

**परफारमेंस सिक्यूरिटी**

जिस संस्था की निविदा स्वीकार होगी उस संस्था की अर्नेस्ट मनी परफारमेंस सिक्यूरिटी के रूप में डी.टी.पी.सी.(जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद) के पास रहेगी ।

दो चरण निविदा

1. प्रत्येक बिड में **"तकनीकी निविदा"** एवं **"वित्तीय निविदा"** दी जावेगी ।
2. तकनीकी रूप से योग्य निविदाकर्ता की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी ।
3. प्रत्येक स्थान की तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफे में रखकर एक तृतीय लिफाफे में रखी जावेगी व उस पर जगह का नाम लिखा जावेगा व उसे डी.टी.पी.सी. के "कार्यालय नगर दण्डाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर सागर" में **दिनांक 13/02/2019 अपरान्ह 3.00 बजे** तक टेण्डर बाक्स में डाला जा सकता है ।
4. **"तकनीकी निविदा"** का प्रारूप **अनुसूची-2** एवं **"वित्तीय निविदा"** का प्रारूप **अनुसूची-3** में दिया गया है ।

पात्रता

1. जो भी संस्था लाइसेंस के लिये आवेदन दे उसे साहसिक गतिविधियां करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो एवं इसका प्रमाण पत्र बिड के साथ प्रस्तुत किया जाये ।
2. निविदाकर्ता का विगत 3 वर्षो का औसत टर्नओवर **रूपये 10.00 लाख** एवं चालू वित्तीय वर्ष में **15.00 लाख** होना चाहिये ।

**सागर झील में क्रूज संचालन को लाइसेंस पर प्रदाय करने की शर्ते-**

1- विशेष शर्ते

1. सागर झील जिसका विस्तृत विवरण अनुसूची-1 में दिया गया है, को तीन वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस पर दिये जाने हेतु जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है ।
2. क्रूज परिचालक, राष्ट्रीय संस्था से प्रशिक्षित होना चाहिये ।
3. निम्न पर्यटन गतिविधियां संचालित की जायेगी-
   1. क्रूज संचालन
   2 जलक्रीडा गतिविधियां
   3. साहसिक गतिविधियां जो कि सामान्य रूप से की जाती है ।
4. साहसिक पर्यटन गतिविधियों के दौरान किसी भी प्रकार की शारीरिक चोट/दुर्घटना एवं जनहानि आदि का पूर्ण दायित्व संस्था का होगा ।
5. समस्त गतिविधियों का दुर्घटना बीमा निविदाकार को करवाना होगा ।
6. निविदाकार खेल गतिविधियों के दौरान सभी प्रकार की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगें एवं सभी खेल कुशल एवं निपुण प्रशिक्षकों के द्वारा ही संपन्न कराये जावें ।
7. हॉट एयर बैलून, पेरासेलिंग तथा अन्य की शासकीय अनुमति तथा अन्य औपचारिकताओं के लिए कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी । पेरासेलिंग भारतीय वायुसेना से मान्य प्रशिक्षकों के द्वारा कराया जावे । पेरामोटर हेतु नगर विमानन सुनिश्चित करेगें ।

8. प्रति साहसिक खेलवार शुल्क का निर्धारण डी.टी.पी.सी. करेगा ।

9. निविदाकार को साहसिक खेल आयोजित करने वाले वेंडर को समस्त भुगतान करना होगा ।

10. आयोजन स्थल पर सीधे आये प्रतिभागियों की व्यवस्था की जावें यह ज्ञान रहे कि प्रतिभागियों को लम्बा इंतजार न करना पडे ।

11. साहसिक गतिविधियों का समय प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक रहेगा ।

12. आयोजन स्थल पर सीधे बुकिंग की राशि डी.टी.पी.सी. को ही जमा होगी । इस हेतु डी.टी.पी.सी. की ओर से अधिकृत दल बुकिंग स्थल पर रहेगा एवं राशि एकत्रित करेगा ।

13. स्वीकृति निविदा दाता किसी भी स्थिति में प्रतियोगियों से राशि प्राप्त नहीं करेगें ।

14. दोनो स्थानों पर फस्ट-एड-बाक्स तथा चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था संस्था द्वारा की जायेगी ।

15. दोनो स्थानों की साफ सफाई तथा इस्तेमाल की जाने वाली बिजली के देयक के भुगतान की जिम्मेदारी संस्था की होगी । बिजली के लिये सबमीटर लगाया जायेगा ।

16. यदि किसी और सुविधा की आवश्यकता पडती है तो जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की अनुशंसा के अनुसार विचार किया जायेगा ।

17. स्थल पर संस्था द्वारा नगर निगम के सभी नियमों तथा अन्य लागू सभी नियमों/कानूनों का पालन किया जायेगा ।

18. स्थल पर संस्था को कैंपिग संबंधी कार्यालय को चलाने की पात्रता होगी ।

19. संस्था को उक्त जगह पर सिर्फ बिन्दु **क्रमांक "2"** में दी गई गतिविधियों को संचालित करने का अधिकार होगा । भूमि पर संस्था का किसी प्रकार का स्वामित्व नहीं होगा ।

20. उपरोक्त दोनों स्थानों पर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियां होने पर या उपरोक्त वर्णित किसी भी शर्त के पालन न होने पर जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद को अनुबंध निरस्त करने का अधिकार होगा ।

21. सामान्य स्थिति में अनुबंध निरस्त करने के लिये दोनो पक्षकारों को एक माह का नोटिस देना अनिवार्य होगा ।

22. संस्था द्वारा की जा रही व्यवसायिक गतिविधियों पर लागू सभी करों के भुगतान एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही का उत्तरदायित्व संस्था का होगा ।

23. संस्था को किसी भी प्रकार की संपत्ति तथा बिल्डिंग आदि में परिवर्तन करने की स्वतंत्रता नहीं रहेगी तथा किसी भी जगह पर संपत्ति पर किसी भी प्रकार के निर्माण की स्वतंत्रता नहीं होगी। स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद द्वारा ही किया जायेगा । यदि संस्था द्वारा किसी भी प्रकार के निर्माण हेतु या सुविधा बढाने की आवश्यकता महसूस की जाती है तो वह जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद को इसके लिये लिखित में आवेदन करेगा तथा इसके लिये कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद के द्वारा आवेदन पर विचार किया जावेगा ।

24. स्थल पर कोई भी मादक द्रव्य, शराब एवं सिगरेट पूरी तरह प्रतिबंधित है ।

1- <u>सामान्य शर्ते</u>

(अ) <u>निविदा-</u>

1. टेंडर में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये सचिव, जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद, से संपर्क किया जा सकता है ।
2. बिडर स्थान का भौतिक परीक्षण स्वंय कर सकता है ।
3. सभी स्थितियां सामान्य होने पर सबसे अधिकतम लाईसेंस फीस ऑफर करने वाले को लाईसेंस पर देने हेतु अनुशंसा की जायेगी ।
4. जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद के द्वारा उच्चतम या किसी भी बिड को स्वीकार करने की कोई बाध्यता नहीं होगी एवं किसी भी बिड को बिना कोई कारण बतावे अस्वीकार किया जा सकता है ।
5. इस टेंडर संबंधी किसी भी विवाद की वैद्यता की स्थिति में कलेक्टर एवं अध्यक्ष डी.टी.पी.सी. का निर्णय अंतिम एवं सर्वमांन्य होगा ।
6. सफल निविदाकर्ता के साथ 03 दिवस में 1,000 रूपये के स्टाम्प पर अनुबंध निष्पादित किया जायेगा ।

(ब) <u>लाईसेंस फीस-</u>


1. वार्षिक लाईसेंस फीस का भुगतान अग्रिम में प्रत्येक वित्त वर्ष प्रारंभ होने के 15 दिवस के अंदर किया जावेगा ।
2. प्रथम वर्ष की लाईसेंस फीस चालू वित्तीय वर्ष की शेष अवधि के लिये दी जावेगी । आगामी वर्षो की लाईसेंस फीस वित्तीय वर्ष से प्रारंभ होकर वित्तीय वर्ष पर समाप्त होगी ।
3. लाईसेंस फीस के साथ प्रचलित सर्विस टैक्स का भुगतान भी संस्था द्वारा किया जावेगा ।
4. वार्षिक लाईसेंस फीस का भुगतान 15 दिवस में न करने पर 15 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान करना पडेगा ।
5. अधिकतम 30 दिवस में लाईसेंस फीस का भुगतान न करने पर लाईसेंस समाप्त हो जावेगा ।
6. लाईसेंस फीस में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष चक्रवर्ती दर से वृद्धि की जावेगी ।


<u>अयोग्य निविदा</u>

डी.टी.पी.सी. को अधिकार होगा कि किसी भी प्रकार की विपरीत या निगम के अहित में होने वाली सूचना मिलने पर किसी भी निविदाकर्ता की निविदा को रद्द किया जा सकता है, भले ही वह निविदा पूर्व में स्वीकार कर ली गई हो । इसके लिए किसी भी प्रकार का कारण नहीं दिया जा सकता ।

कलेक्टर/अध्यक्ष
जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद
जिला सागर (म.प्र.)

अनुसूची -1




PROPOSED RAILING
PROPOSED LAMP POST
PROPOSED PATH WAY
PROPOSED BENCHE
PROPOSED GAZEBO
PROPOSED CHILDREN PLAY AREA
PROPOSED FOOD COURT
CLIENT-
M.P. STATE TOURISM DEVELOPMENT
CORPORATION
ARCHITECT-
TITLE-
PROPOSED SITE PLAN OF
CHHOTA TALAB AT SAGAR

# अनुसूची-2

## (प्रपत्र क्रमांक ....01)

तकनीकी प्रस्ताव

(1) व्यक्तिगत या संस्थागत निविदाकार हेतु :-

संस्थागत या व्यक्तिगत निविदाकार का भारत के किसी फर्म एवं सोसायटी/कंपनी के रजिस्ट्रार से पंजीकृत होने का मान्यता पत्र (पत्र की छायाप्रति) ।

संस्था की कानूनी एवं संवैधानिक स्थिति (पत्र की छायाप्रति):-

पंजीयन का स्थान ..........................................................................................

संस्था का कार्यक्षेत्र ..........................................................................................

निविदाकार द्वारा पिछले वर्षो में किये गये इस प्रकार के कार्यो का अनुभव :-

| क्र. | कार्य का नाम | विभाग / संस्था का नाम | कार्यालय क्रमांक / दिनांक | कार्य की लागत | अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

निविदाकार के पास उपलब्ध साहसिक खेलों के उपकरण (स्वंय एवं किराये की सूची) :-

| क्र. | उपकरण का नाम | मेक | वर्ष | संख्या | रिमार्क (स्वंय का या किराये का) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदाकर्ता द्वारा प्रशासनिक एवं संचालन हेतु रखे जाने वाले व्यक्तियों का शैक्षणिक एवं अनुभव की जानकारी :-

| क्र. | पद | नाम | शैक्षणिक योग्यता | वेतन (लाख में) | वर्तमान पद कार्य करने का अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

-निविदाकार के बैंकों के नाम, पता, टेलीफोन नम्बर एवं फैक्स नम्बर जिससे संपर्क करने पर निविदाकार के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा सके ।

-निविदाकार का किसी संस्था के साथ न्यायालयीन विवाद होने की स्थिति की जानकारी ।

-उक्त कार्य को करने की मैथड एवं शेड्यूल की जानकारी निविदाकार को कार्य का आयोजन करने के संबंध में विस्तृत विवरण ड्रांईग एवं चार्ट के साथ ऑफर डालने के समय पॉवर पाईन्ट प्रजेंटेशन भी देना होगा ।

-अतिरिक्त जानकारी जो निविदाकार पृथक से देना चाहे ।

-कार्यक्रम क्षेत्र देखने के लिये कार्यालय नगर दण्डाधिकारी सागर से संपर्क कर सकते है ।

# अनुसूची-3

## (प्रपत्र क्रमांक ....01)

वित्तीय प्रस्ताव

(सागर झील में क्रूज संचालन एवं साहसिक खेल गतिविधियों हेतु वित्तीय प्रस्ताव)

निविदाकर्ता / संस्था का नाम ..........................................................................................

प्रति,

सचिव,
जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद
सागर (म.प्र.)

विषय :- क्रूज संचालन एवं साहसिक खेल गतिविधियों की व्यवस्था हेतु ।

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है, कि ................ स्थित ........................ झील साईट क्षेत्र में क्रूज संचालन एवं साहसिक खेल गतिविधियों के आयोजन की व्यवस्था हेतु राशि रू. .................. (शब्दों में) रू. ........................................................................ का मोहरबंद प्रस्ताव प्रस्तुत है जिसका विवरण संलग्न है ।

हमारे द्वारा मोहरबंद प्रस्ताव के साथ संलग्न शर्तो का पूरी तरह अध्ययन कर लिया गया है एवं संलग्न प्रपत्र तथा प्रस्ताव आमंत्रण की सूचना में दी गई सभी शर्ते हमें मान्य है ।

हमारे द्वारा निविदा प्रपत्र के मूल्य की राशि रू. ............................. की राशि नगद/डी.डी. क्रमांक ..................../रसीद क्रमांक ......................... के द्वारा एवं निर्धारित रूपये 50,000/- की धरोहर राशि बैंक .................................... में डी.डी. क्रमांक ............................... दिनांक ........................... के रूप में तकनीकी प्रस्ताव के साथ जमा कर दी गयी है ।

निविदाकर्ता का नाम :- ..........................................................................................

निविदाकर्ता का पता :- ..........................................................................................

..........................................................................................

निविदाकर्ता का मो.नं.:- ..........................................................................................

हस्ताक्षर
(निविदाकर्ता)

## DECLARATION

1. I / We have read the instructions appended to the Proforma and I/We understand that If any false information is detected at a later date, any contract made between ourselves and District Tourism Promotion Council (DTPC) on the basis of the information given by me/us can be treated as invalid by the DTPC and I / We will be solely responsible for the consequences.
2. I/We agree that the decision of DTPC of Sagar in selection of contractors will be final and binding to me/us.
3. All the information furnished by me/us above here is correct to the best of my/our knowledge and belief.
4. I / We agree that I / We have no objection if enquiries are made about the work listed by me / us here in above and/or in the accompanying sheets.

Date : .............

Place: .............

SIGNATURE

Name & Designation

& Seal of the Company